डी॰ ए॰ वी॰ इंटरनैशनल स्कूल

कार्य पत्रिका- हिन्दी

कक्षा - नवमी अर्थ ग्रहण संबंधी क्रमांक - 1

1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

डाँड़े तिब्बत में सबसे खतरे की जगहें हैं। सोलह-सत्रह हजार फीट की ऊँचाई होने के कारण उनके दोनों तरफ मीलों तक कोई गाँव-गिराँव नहीं होते। नदियों के मोड़ और पहाड़ों के कोनों के कारण बहुत दूर तक आदमी को देखा नहीं जा सकता। डाकुओं के लिए यही सबसे अच्छी जगह है। तिब्बत में गाँव में आकर खून हो जाए, तब तो खूनी को सजा भी मिल सकती है, लेकिन इन निर्जन स्थानों में मरे हुए आदमियों के लिए कोई परवाह नहीं करता। सरकार खुफिया-विभाग और पुलिस पर उतना खर्च नहीं करती और वहाँ गवाह भी तो कोई नहीं मिल सकता। डकैत पहिले आदमी को मार डालते हैं, उसके बाद देखते हैं कि कुछ पैसा है कि नहीं।

1 प्र. डाँड़े तिब्बत में सबसे खतरनाक जगहें क्यों है?

2 प्र डाकुओं के लिए डाँड़े सबसे अच्छी जगह क्यों है?

3 प्र तिब्बत सरकार की कौन-सी विशेषता उसे अन्य सरकारों से अलग करती है?

2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप मे दीजिए-

1 डाँड़े के सर्वोच्च स्थान पर किस का स्थान है?

2 डाँड़े के आस-पास के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

3 शाम के समय थोड़्ला से पहले के अंतिम गाँव के लोगों की दशा कैसी होती है?

4 भिक्षु जम्रो की चारित्रिक विशेषताओं के बारे में लिखिए।

5 तिब्बत की कौन-कौन सी बातें लेखक को अच्छी लगी?

डी.ए.वी. इंटरनैशनल स्कूल

कार्य पत्रिका - हिन्दी

कक्षा - नवमी | अर्थ ग्रहण संबंधी | क्रमांक - 2

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

विलासिता की सामग्रियों से बाजार भरा पड़ा है, जो आपको लुभाने की जी तोड़ कोशिश में निरंतर लगी रहती हैं। दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं को ही लीजिए। टूथ-पेस्ट चाहिए? यह दाँतों को मोती जैसा चमकीला बनाता है, यह मुँह की दुर्गंध हटाता है। यह मसूड़ों को मजबूत करता है और यह 'पूर्ण सुरक्षा' देता है। वह सब करके जो तीन-चार पेस्ट अलग-अलग करते हैं, किसी पेस्ट का 'मैजिक' फार्मूला है। कोई बबूल या नीम के गुणों से भरपूर है, कोई ऋषि-मुनियों द्वारा स्वीकृत तथा मान्य वनस्पति और खनिज तत्वों के मिश्रण से बना है।

1. पेस्ट को ऋषि-मुनियों द्वारा स्वीकृत बताने के पीछे क्या उद्देश्य होता है?
2. बाजार में किस तरह की वस्तुओं से उपभोक्ताओं को लुभाने की कोशिश हो रही है और क्यों?
3. वस्तुओं के गुणों को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के पीछे क्या उद्देश्य है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए -

1. सामाजिक सरोकारों में कमी आने से समाज को क्या हानि पहुँच रही है?
2. आलू की चिप्स, पिज्जा और बर्गर भारतीय संस्कृति को किस प्रकार प्रभावित कर रहे हैं?
3. गांधी जी के कथन से हमें क्या संदेश मिलता है?
4. दिखावे की संस्कृति अपनाने से हमारी क्या दशा हो रही है?
5. उपभोक्तावादी संस्कृति के फैलाव के फलस्वरूप क्या प्रभाव पड़ रहे हैं?

डी.ए.वी. इंटरनेशनल स्कूल

कार्य पत्रिका - हिन्दी

कक्षा - नवमी अर्थ ग्रहण संबंधी क्रमांक-3

1. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

मोकों कहाँ ढूँढ़े बंदे, मैं तो तेरे पास में।
ना मैं देवल ना मैं मसजिद, ना काबे कैलास में।
ना तो कौने क्रिया-कर्म में, नहीं योग बैराग में।
खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं, पल भर की तालास में।
कहैं कबीर सुनो भई साधो, सब स्वाँसों की स्वाँस में।।

1 मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढ़ता फिरता है और कैसे?

2 क्रिया-कर्म से कबीर जी का क्या तात्पर्य है?

3 कबीर जी ने खोजी किसको कहा है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए -

1 'सुभर जल' तथा हेरा का गहन अर्थ बताइए।

2 कवि ने ज्ञान की प्राप्ति का क्या उपाय बताया है?

3 पखापखी का आशय स्पष्ट करें।

4 कवि ने हिन्दू और मुसलमानों को मृतक क्यों कहा है?

5 कबीर जी 'मोट चून' किसे कहा है? वह मैदा कैसे बन गया?

डी. ए. वी. इंटरनैशनल स्कूल

कार्य पत्रिका - हिन्दी

कक्षा - नवमी    अर्थ ग्रहण संबंधी    क्रमांक - 4

1. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

*रंग रंग के फूलों में रिलमिल*
*हँस रही सखियाँ मटर खड़ी,*
*मखमली पेटियों सी लटकीं*
*छीमियाँ, छिपाए बीज लड़ी!*
*फिरती हैं रंग रंग की तितली*
*रंग रंग के फूलों पर सुंदर,*
*फूले फिरते हैं फूल स्वयं*
*उड़ उड़ वृंतों से वृंतों पर!*

1. मटर में आई छीमियों की तुलना किससे की गई है और क्यों?
2. उड़ती हुई तितलियाँ और फूल में क्या समानता है? स्पष्ट कीजिए।
3. मटर के पौधे हँसते हुए क्यों दिखाई पड़ रहे हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए -

(i) बगुले क्या करते हुए दिखाई दे रहे हैं?

(ii) मिर्ची थैली - जैसी क्यों दिख रही है?

(iii) इस ऋतु में कोयल मतवाली क्यों हो उठी है?

(iv) धरती रोमांचित-सी क्यों लग रही है?

(v) 'मरकत' क्या है? गाँव की तुलना मरकत से क्यों की गई है?

# डी.ए.वी. इंटरनेशनल स्कूल

कक्षा - नवमी　　　　　कार्य पत्रिका हिन्दी - व्याकरण　　　　क्रमांक - 5

(अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद, समास)

1 निम्नलिखित वाक्यों में अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताए -

(क) अरे! कमल दौड़ जीत गया।

(ख) यदि हवा चलती तो इतनी गरमी न लगती।

(ग) बूढ़ा चल नहीं सकता।

(घ) वर्षा होती तो फसल अच्छी होती।

(ङ) आप चुप रहिए।

2 निम्नलिखित वाक्यों के भेद परिवर्तित करें -

(क) वह मूर्ख है।　　　(निषेधार्थक वाक्य में)

(ख) आप मेरी सहायता करें।　　(प्रश्नार्थक वाक्य में)

(ग) वह सो चुका होगा।　　(संदेहार्थक वाक्य में)

3 निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का भेद बताइए -

क　वागचोर

ख　कृष्ण सर्प

ग　बीचोंबीच

घ　चौमासा

ङ　मुखमरा

डी.ए.वी. इंटरनेशनल स्कूल

कार्य पत्रिका - हिन्दी (व्याकरण)

(अलंकार, उपसर्ग, प्रत्यय)

कक्षा - नवमी

दिनांक -

1. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में से अलंकार का नाम लिखिए -

क. हंसा केलि कराहिं।

ख. मुक्ताफल मुक्ता चुगैं।

ग. प्रेम ढूँढ़त मैं फिरौं।

घ. संतौं भाई आई ग्याँन की आँधी रे।

ङ. मृदुल वैभव की रखवाली - सी।
मधुर विद्रोह - बीज में।
कूड़ कपट काया का।
वेदना बोझ वाली
इस काले संचार - सागर पर

2. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द लिखिए

(i) पर्यटन

(ii) संयोग

(iii) दुर्गुण

(iv) अवनति

3. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द लिखिए -

(i) विषैला

(ii) अठोला

(iii) देवत्व

(iv) नैतिक